भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 467

जिसका उत्तर बृहस्पतिवार 7 फरवरी, 2019 को दिया जाना है

एसोसिएशन ऑफ इंडियन फोर्जिंग इण्डस्ट्री की इलेक्ट्रिक वाहनों संबंधी चिंता

467. डॉ. प्रकाश बांडाः

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एसोसिएशन ऑफ इंडियन फोर्जिंग इण्डस्ट्री (एआईएफआई) ने केन्द्र द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों पर नए सिरे से ध्यान केन्द्रित किए जाने पर चिंता व्यक्त की है, क्योंकि इससे समग्र उद्योग समाप्त हो सकता है;

(ख) क्या इलेक्ट्रिक वाहन प्रारम्भ होने से इंडियन फोर्जिंग इंडस्ट्री पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इस प्रकार की 60 प्रतिशत इकाइयां, ऑटो कलपूर्जों के विनिर्माण के क्षेत्र में कार्यरत थी; और

(ग) यदि हां, तो एसोसिएशन ऑफ इंडियन फोर्जिंग इण्डस्ट्री की चिंता पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय को एसोसिएशन ऑफ इंडियन फोर्जिंग इन्डस्ट्री (एआईएफआई) से ऐसा कोई सन्दर्भ प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) और (ग): भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय ने इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरूआत का भारतीय फोर्जिंग उद्योग पर प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन नहीं कराया है।

तथापि, सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन (सिआम) ने सूचित किया है कि इंजन, गीयर बॉक्स और ट्रांसमिशन प्रणाली के कुछ पार्टों से संबंधित पार्टों के विनिर्माण से यह उद्योग तब प्रभावित हो सकता है जब इलेक्ट्रिक वाहन परम्परागत वाहनों का पूरी तरह से स्थान ले लेंगे। सिआम को आशा है कि इलेक्ट्रिफिकेशन तभी हो सकता है जब परम्परागत प्रौद्योगिकियों को भी अगले लगभग 20 वर्षों तक जारी रखा जाए। आगे यह भी बताया गया कि कुछ पार्टस हैं जो इंजन और ट्रांसमिशन के लिए फोर्जिंग प्रक्रिया के माध्यम से बनाए जाते हैं, उदाहरणार्थ क्रैंक शॉफ्ट, कनेक्टिंग रोड्स, रोकर आर्म्स, कैम शॉफ्ट्स, गीयर ब्लेंक्स, गीयर शिफ्ट लीवर्स, ड्राइव शॉफ्ट, मैन शॉफ्ट, प्रोपेलर शॉफ्ट योक्स आदि।

*****